>

Title: Need to establish an additional Kendriya Vidyalaya in Sitapur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सीतापुर (उ. प्र.) की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं । सीतापुर जनपद उत्तर प्रदेश का आबादी के हिसाब से बड़ा जिला है, जहां विधानसभा की 9 सीटें हैं और 4 सांसदों का क्षेत्र भी लगता है I आपको यह भी अवगत कराना है कि मेरे जनपद की आबादी, गरीबी तथा अशिक्षा को ध्यान मे रखते हुए केंद्र सरकार ने दो नवोदय विद्यालय खोल रखे हैं, परन्तु जनपद मे केन्द्रीय विद्यालय एक ही स्थापित है I ऐसी परिस्थति में मैं सरकार से माँग करता हूँ कि जनहित में जनपद की आबादी एवं अनुसूचित जाति की बाहुल्यता को दृष्टिगत रखते हुए एक अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय खोलने हेतु निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें I धन्यवाद I